## सार-समाचार

### 'प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर कार्रवाई होगी'

**भरतपुर ( निस )।** वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा वैर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों में क्रेशर सञ्चालन सम्बन्धी नियमों की पालना नहीं किये जाने पर सम्बंधित इकाई के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा औद्योगिक इकाइयों की नियमित रूप से जांच की जाती है। वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य बहादुर सिंह द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि क्रेशर मशीन संचालन के निर्धारित नियम हैं, जिनकी पालना किया जाना अनिवार्य है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा क्रेशर मशीन की कन्वेयर बेल्ट को ढकना, परिसर के अंदर नियमित सफाई, विंड ब्रेकिंग वॉल बनाना, धूल दबाने के लिए वॉटर स्प्रिंकलर (पानी का छिड़काव) तथा ग्रीन बेल्ट (पौधरोपण) करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन न करने की स्थिति में विभाग द्वारा जांच करवाई जाती है एवं जांच में दोषी पाए जाने पर सम्बंधित इकाई को नोटिस जारी कर कमियों को दूर करने के लिए निर्देश दिये जाते हैं। इकाई द्वारा कमियों को दूर करने पर विभाग द्वारा दुबारा जांच भी करवाई जाती है। शर्मा ने कहा कि जांच में दुबारा दोषी पाए जाने की स्थिति में इकाई को क्लोज़र नोटिस जारी ब्ब्व् (कंसेंट टू ऑपरेट) वापस लेकर क्रेशर को बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में अवैध खनन को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही की जा रही है एवं नियमों का उल्लंघन करने पर सम्बंधित के विरुद्ध जुर्माना भी लगाया जा रहा है। इससे पहले विधायक के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में वन एवं पर्यावरण मंत्री ने बताया कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के अनुसार वैर विधानसभा क्षेत्र में कुल 62 औद्योगिक इकाईयां स्थापित हैं। इन औद्योगिक इकाइयों में विगत तीन वर्षों में की गई जांच एवं जांच हेतु निर्धारित अवधि का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि वैर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों में से कुल 31 औद्योगिक इकाईयां विगत तीन वर्षों में प्रदूषण मानदंड को पूरा नहीं करती पाई गई एवं उनके विरूद्ध की गई कार्रवाई का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

### अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**धौलपुर ।** शहर में बढ़ती यातायात समस्या को देखते हुए नगर परिषद और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान बस स्टैंड, संता रोड, रोड मंडी और चूड़ी मार्केट क्षेत्र में जेसीबी मशीन की सहायता से अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि इन क्षेत्रों में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को समझाइश भी दी गई है ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से आमजन को यातायात में राहत मिलने की उम्मीद है।

### जनता दरबार लगाकर की जन सुनवाई

**गंगापुर सिटी ।** भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कैलाश चंद विश्नोई ने गुरुवार को गंगापुर सिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली थाने में जनसुनवाई की और आमजन की समस्याएं सुनीं। आईजी ने बामनवास क्षेत्र की एक गंभीर घटना पर जल्द खुलासे का आश्वासन भी दिया। गंगापुर सिटी पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों ने आईजी विश्नोई का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार भी मौजूद रहे। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना था। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें भूमि विवाद, मारपीट, लंबित प्रकरणों की जांच और महिला उत्पीड़न जैसे मामले शामिल थे। आईजी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। आईजी ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान बामनवास क्षेत्र के जाहिरा गांव में एक महिला के पैर काटने की संवेदनशील घटना का मामला भी उठाया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की। इस पर आईजी कैलाश चंद विश्नोई ने आश्वासन दिया कि मामले की गहन जांच कर जल्द ही खुलासा किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के बाद, आईजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इसमें लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई और अपराध नियंत्रण की रणनीति पर चर्चा हुई। संवेदनशील मामलों की निगरानी और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। आईजी ने थानाधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। आईजी का यह दौरा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और लंबित मामलों में तेजी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### अतिक्रमण हटाया

**हिंडौन सिटी।** श्री महावीर जी ब्लॉक के गांव गुनसार में सरकारी भूमि से प्रशासन ने जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण ध्वस्त किया है। नायाब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने गुरुवार शाम 4:00 बजे बताया कि गांव गुनसार में चिकित्सा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए 2021 में जिला कलेक्टर द्वारा भूमि आवंटित की गई थी।भूमि पर अतिक्रमण हो रहा था।चिकित्सा विभाग को आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन के लिए बजट मिलने के बाद मौके पर जांच की गई तो वहां अतिक्रमण मिला। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशों की पालना में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को जेसीबी द्वारा ध्वस्त करवाया गया।इस दौरान नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता बीसीएमओ श्री महावीर जी डॉ दर्शन सिंह गुर्जर, सेक्टर प्रभारी डॉ संदीप बंशीवाल, पटवारी बृजमोहन मीणा, गिरदावर सहित सदर थाने के एएसआई बदन सिंह गुर्जर मय जाप्ता के मौके पर मौजूद रहे।

### 4 सोनोग्राफी सेन्टरों का निरीक्षण

**करौली ।** पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला नोडल अधिकारी (पीसीपीएनडीटी) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंतीलाल मीणा ने हिंडौन मुख्यालय पर विनीता नर्सिंग होम स्थित सोनोठााफी सेंटर, आशा नर्सिंग होम स्थित सोनोग्राफी सेंटर, अमायरा अस्पताल स्थित सोनोग्राफी सेंटर और राजगिरीश सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने सोनोठााफी पंजिका व एफ फॉर्म की जांच की और संचालको को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की सख्ती से पालना के लिए पाबन्द किया । सीएमएचओ ने बताया कि भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने के कार्य में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मुखबिर योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण की सत्य सूचना पर तीन लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। सेन्टर पर मुखबीर योजना का प्रचार प्रसार टोल फ्री नंबर 104 व 108 एवं व्हाट्सएप नंबर 9799997795 के प्रदर्शन का सत्यापन किया। सेन्टर संचालक को पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुरूप कार्य करने को पाबन्द किया गया।

### हिंदू सम्मेलन की तैयारी

**गंगापुर सिटी।** नई अनाज मंडी बस्ती के विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक गौ सेवक गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि संपूर्ण भारत में हिंदुओं के आपसी एकता को बनाए रखने के लक्ष्य एवं संघ का शताब्दी वर्ष होने के उपलक्ष पर भारतवर्ष में विभिन्न आयोजन की कड़ी में हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम भी रखा गया है और यह भिन्न-भिन्न स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। गंगापुर सिटी में 17 बस्तियों में लगभग आयोजन संपूर्ण की स्थिति में है अंतिम 15 फरवरी को नई अनाज मंडी बस्ती का हिंदू सम्मेलन आयोजन की बैठक में तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। आयोजन में कर्मचारी कॉलोनी स्थित चमत्कारी हनुमान मंदिर से विशाल कलश यात्रा प्रातः 9.00 बजे बैंड बाजा एवं झांकियां के साथ में उदेई मोड रोड होती हुई रघुनाथ मैरिज गार्डन मंदिर पर पहुंचेगी।

# बजट में भरतपुर को एजुकेशन हब विकसित करने की पहल की सराहना

- निदेशक सीताराम गुप्ता ने राजस्थान बजट 2026-27 को बताया दूरदर्शी
- भरतपुर, डीग क्षेत्र की सड़क परियोजनाओं व स्किलिंग संस्थानों की रखी मांग

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 को लेकर भरतपुर डीग क्षेत्र में उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। क्षेत्र के सामाजिक एवं अवसंरचनात्मक विकास के लिए निरंतर सक्रिय समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री, राजस्थान को पत्र लिखकर बृज क्षेत्र के विकास हेतु की गई घोषणाओं पर हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बृज कन्वेंशन सेंटर की स्थापना, भरतपुर को एजुकेशन हब विकसित करने, तथा भरतपुर-डीग एयरपोर्ट के लिए संभाव्यता अध्ययन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये प्रावधान क्षेत्र की आगामी आर्थिक प्रगति, पर्यटन विस्तार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं निवेश संभावनाओं को नई दिशा देंगे।

इनसे भरतपुर-डीग क्षेत्र का समठा विकास गति पकड सकेगा। सप्लीमेंट्री बजट में सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता से शामिल करने का आग्रह निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि सप्लीमेंट्री बजट प्रावधानों में निम्न अत्यावश्यक सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता से स्वीकृत किया जाए। भरतपुर मथुरा फोरलेन सड़क जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, नोएडा व दिल्ली छब्त् से तेज और सुरक्षित संपर्क स्थापित होगा, जिससे पर्यटन, व्यापार और लॉजिस्टिक गतिविधियाँ बढ़ेगी ।

भरतपुर बहरोड फोरलेन सडक यह मार्ग किशनगढ हाईवे से ब्रज क्षेत्र का सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करेगा तथा खाटू श्यामजी एवं सालासर बालाजी जैसे धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा।

इससे बडे पैमाने पर धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। डीग पहाडी से ग्रीन एक्सप्रेसवे तक फोरलेन मार्ग इस मार्ग से डीग की दिल्ली से दूरी लगभग 1.5 घंटे रह जाएगी, जिससे होटल उद्योग, पर्यटन, शिक्षा व सेवा क्षेत्रों में बडे निवेश के अवसर खुलेंगे और डीग कामां क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय तेजी आएगी। कामां जुरहरा होडल फोरलेन सडक मेवात क्षेत्र के औद्योगिक, सामाजिक एवं रोजगार आधारित विकास को गति मिलेगी ।

# वृंदावन के प्रत्येक कण-कण में राधा कृष्ण का वास है: इंद्रेश उपाध्याय

- जटेरी धाम में आयोजित निकुंज विलास रस महोत्सव में वृंदावन लीला के भावपूर्ण वर्णन को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध

**डीग भरतपुर ( निस )।** ब्रज के प्रसिद्ध जटेरी धाम में चल रहे निकुंज विलास रस महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत रस चर्चा के छठे दिवस पर गुरुवार को भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय ने वृंदावन की दिव्य लीलाओं का ऐसा रसपूर्ण वर्णन किया कि पूरा पांडाल राधा-कृष्णमय हो उठा। दूर-दराज से आए श्रद्धालु कथा का श्रवण कर आत्मिक शांति और आनंद का अनुभव करते नजर आए।

अपने प्रवचन में महाराज ने कहा कि वृंदावन केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि वह दिव्य चेतना है जहां प्रत्येक कण में राधा-कृष्ण का वास है। उन्होंने निधिवन, टटिया स्थान, वृंदावन बिहारी लाल एवं अन्य प्रकट ठाकुरों की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि लता-पातों से आच्छादित वह पावन भूमि आज भी रास-विहार की साक्षी है। वृंदावन की रज मात्र से जीवन धन्य हो जाता है और वहां की प्रत्येक लीला साधक को भक्ति के उच्चतम सोपान तक पहुंचा देती है।

कथा के दौरान बंसी लीला का प्रसंग विशेष रूप से भाव-विभोर कर देने वाला रहा। व्यास इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि जब ठाकुर जी की बंसी उनके अधरों से लगती है तो ब्रज के ग्वाल-बाल, गोपियां, समस्त ब्रजवासी ही नहीं, बल्कि तैंतीस कोटि देवता भी आनंदित हो उठते हैं। बंसी की मधुर ध्वनि सृष्टि के कण-कण को स्पंदित कर देती है और हर हृदय में प्रेम और भक्ति का संचार करती है।

इस प्रसंग पर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और पूरा परिसर राधे-राधे के उद्घोष से गूंज उठा। महोत्सव के दौरान गाए गए सुप्रसिद्ध भजन वृंदावन मेरो प्यारो वृंदावन ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। भजन की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे और कथा स्थल में मानो वृंदावन की छटा साकार हो गई।

महाराज ने जटेरी धाम स्थित राधा कुंज बिहारी लाल जी महाराज की महिमा का भी वर्णन किया और धाम की आध्यात्मिक परंपरा पर प्रकाश डाला। रात्रि में धाम परिसर में भव्य रासलीला का आयोजन निरंतर चल है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर लीलाओं का आनंद ले रहे हैं। रंग-बिरंगी झांकियों और मधुर संकीर्तन के बीच पूरा धाम भक्तिरस में डूबा दिखाई दे रहा है।

आयोजन समिति और सेवकगण व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं। जटेरी धाम के महंत विपिन बिहारी दास महाराज ने सभी भक्तजनों से आग्रह किया कि श्रीमद्भागवत रस चर्चा के सप्तम दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लें।

उन्होंने बताया कि कल धाम में गौ पूजन एवं ब्रज की अद्भुत होरी का विशेष आयोजन किया जाएगा। इंद्रेश उपाध्याय महाराज के सानिध्य में ब्रज की पारंपरिक होली की झलक प्रस्तुत की जाएगी, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

छठे दिवस की इस रसपूर्ण कथा ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति की अलौकिक ज्योति प्रज्वलित कर दी और संपूर्ण जटेरी धाम राधा-कृष्ण के प्रेम रस में सराबोर हो उठा।

### 'कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाये'

**भुसावर भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस के उपलक्ष में 12 फरवरी 2026 को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढाकर ही हम विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं, इसके लिए हमे युवा प्रोफेशनल की आवश्यकता होगी जो कि शिक्षा के गुणात्मक सुधार से ही सम्भव है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में उत्पादन की मात्रा के साथ उसकी गुणवत्ता पर फोकस करने की जरूरत है। भारत आज भी दाल और खाद्य तेल आयात करता है, विनिर्माण क्षेत्र में भी भारत की सहभागिता वैश्विक स्तर पर लगभग 3 प्रतिशत है जबकि हमारी जनसंख्या विश्व की 17.5 प्रतिशत है। कृषि उत्पादकता में भारत विकसित देशों से काफी पीछे है। राजस्थान का बहुत बड़ा भू भाग रेगिस्तान है, हम अपने सिंचाई तंत्र को मजबूत कर राजस्थान को कृषि उत्पादन से अग्रणी बना सकते हैं। कृषि में तकनीकी समावेश की भी आवश्यकता है। डॉ भानुप्रिया पंकज ने कहा कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाने व उपलब्ध संसाधनों का संतुलित उपयोग करने की जरूरत है। ऊर्जा उत्पादन के लिए सूर्य की धूप व हवा का उपयोग बढना चाहिए। डॉ. शंकर लाल यादव ने कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली अपना कर हम उत्पादन और उत्पादकता दोनों बढ़ा सकते हैं।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 को

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा द्वारा 22 फरवरी को गिरीश रिसोर्ट भरतपुर में आयोजित अविवाहित अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में शहर इकाई के अध्यक्ष प्रहलाद प्रसाद गुप्ता के निवास 83 महल खास रोड किला भरतपुर पर अठावाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल जी की अध्यक्षता में शहर इकाई की मीटिंग का आयोजन किया गया।

बैठक मैं भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के महामंत्री मुकेश सिंघल एवं कोषाध्यक्ष नवरत्न गर्ग उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 22 फ़रवरी को भरतपुर मे आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया । जिला अग्रवाल महासभा के महामंत्री मुकेश सिंघल ने परिचय सम्मेलन की रूपरेखा एवं पंजीकरण व्यवस्था, प्रचार प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने सुझाव रखे जिला अठावाल महासभा के अध्यक्ष अतुल मित्तल सी ए ने बताया कि यह सम्मेलन अग्रवाल समाज के युवक युवतियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा ।

### नशीले पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**हिंडौन सिटी ।** राजस्थान विकास पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह सिकरवार ने गुरुवार को हिंडौन में आयोजित एक वार्ता में कहा कि राजनीतिक दल एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार अब एक तमाशा बन गया है। पार्टी ने राज्य में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कई ठोस मांगें रखी हैं। पार्टी ने मांग की है कि विधायकों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच कराई जाए और उन्हें विधायक पद से हटाया जाए।

साथ ही, बागडोडा विधायक जयकृष्ण पटेल के न्यायालयीन विवाद को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए।आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ उच्च न्यायालय के जज से जांच कराने और वर्तमान अध्यक्ष को हटाकर जांच की मांग की गई है। इसी तरह, राजस्थान स्टाफ चयन बोर्ड के पूर्व चेयरमैन के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच तथा उन्हें पद से हटाने की मांग की गई है।

पार्टी ने यह भी कहा कि सरकार जल, जमीन और घर से बेदखल किए गए लोगों की नई व्यवस्था तब तक न करे, जब तक भ्रष्टाचार के आरोपी लोगों को सजा न मिले। पार्टी ने अफीम उत्पादन और व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध तथा नशाबंदी की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि राजस्थान में बारां, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ जैसे जिलों में अफीम की खेती को लाइसेंस दिए जा रहे हैं, सरकार किसानों को मात्र 2,500 रुपये प्रति किलो अफीम खरीद रही है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह कीमत लगभग 2 लाख रुपये है। पार्टी ने कहा कि अफीम, शराब और ड्रग्स से जुड़े माफिया सक्रिय हैं, जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। चीन जैसे देशों में अफीम पूरी तरह प्रतिबंधित है और मौत की सजा तक दी जाती है। राजस्थान में शराब उत्पादन और बिक्री से निजी कंपनियां और सरकारी इकाइयां लाभ कमा रही हैं, लेकिन इससे समाज में नशे की समस्या बढ़ रही है।राजस्थान विकास पार्टी ने अफीम, शराब और ड्रग्स के खिलाफ आंदोलन चलाने की बात कही है तथा नशामुक्त राजस्थान के लिए अन्य संगठनों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव लाखन सिंह लहकोडिया, सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष गंगा सिंह भी मौजूद रहे।

### हथियार सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर ।** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द विश्नोई आईपीएस के द्वारा चलाये जा रहे वांछित अपराधी स्थाई वारंटी, पीओज, भगौड़ा, उद्घोषित इनामी अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे आपरेशन शिकंजा के तहत धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार आरपीएस एवं वृताधिकारी वृत बाड़ी महेन्द्र मीणा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में व देवेन्द्र शर्मा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना बाड़ी जिला धौलपुर के नेतृत्व में पुलिस थाना बाडी द्वारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही विवरण दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को अधिवक्ता रामनिवास के साथ किला गेट बाड़ी के पास आरोपी आकाश यादव, सनी यादव, साजिद मनीष द्वारा जान से मारने की नियत के फायर कर मारपीट की थी। इस पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान किया गया। आरोपी आकाश यादव, सनी यादव, साजिद मनीष को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल में दाखिल कराया गया।

# भरतपुर में बजट की होली जलाकर कर्मचारियों ने जताया आक्रोश

**भरतपुर ( निस )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने प्रदेश नेतृत्व के आ ान पर बजट की प्रतियों की होली जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह बजट राज्य कर्मचारियों ,संविदा एवं मानदेय कार्मिकों व पेंशनरों को लेकर अत्यंत निराशाजनक रहा है 'कर्मचारियों के विषय में के बजट में सरकार ने एक कदम पीछे आने का काम किया है। जहां पिछले बजट में सरकार ने पदोन्नित विसंगति दूर करने के लिए कैडर पुनर्गठन करने की घोषणा की थी, इस बजट में तो पदोन्नित विसंगति, वेतन विसंगति यहां तक कि केंद्र के चरणबद्ध आठवें वेतन आयोग लागू करने के फार्मूले का समर्थन करते हुए 2027 में प्रस्तावित आठवें वेतन आयोग तक के लिए कमेटी गठन के नाम पर छलावा किया गया है'।

सरकार ने कर्मचारियों का तो कोई भला नहीं किया लेकिन जिस लंबी समयावधि के लिए समिति के गठन की घोषणा की गई है उससे तो यह लगता है कि प्रदेश के तीन चार सेवानिवृत अधिकारियों को 3 साल का रोजगार अवश्य मिल जाएगा। महासंघ के जिला महामंत्री बृज मोहन शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान हटाकर समिति गठन का मायाजाल फैलाकर भ्रमित कर रही है। राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों के लिए पूर्व में गठित भटनागर, खेमराज एवं सामंत कमेटियों की रिपोर्ट तक सार्वजनिक नहीं की है। मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल ने कहा कि कर्मचारियों के कैडर संबंधी विसंगतियां दूर करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठन के संबंध में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के द्वारा 26 जनवरी को ही घोषणा कर दी गई थी ,उससे ज्यादा उच्च स्तरीय ओर कौनसी समिति गठित होगी ..?' 'राज्य सरकार कर्मचारी हित में पूरक बजट में कर्मचारियों को 8-16 -24 -32वर्षीय सेवा पर चयनित वेतनमान व पदोन्नित की घोषणा करे। कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दलवीर सिंह व जिला मंत्री मनोज कुंतल ने कहा कि केंद्र के समान वेतनमान की स्पष्ट घोषणा कर वेतन विसंगतियों का निराकरण करें। प्रोविजनल पीरियड का पूरा वेतन दे। संविदा एवं ठेका प्रथा को बंद कर नियमित भर्ती करे।

लैब टेक्नीशियन संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा एवं राधा गोविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 8.50 लाख कर्मचारियों, 5 लाख संविदा कर्मियों एवं 2.5 लाख से ज्यादा मानदेय कर्मियों के बारे में आज के बजट में एक भी घोषणा नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में भयंकर आक्रोश व निराशा है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले 12 जनवरी, 2026 को 50 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने जयपुर में चेतावनी महारैली निकालकर अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति की थी। महासंघ के जिला संयुक्त मंत्री भरत सिंह गिरदावर, व कानूनगो संघ के प्रेम सिंह, ब्रजकिशोर , पटवार संघ के साकेत गौतम, शैलेंद्र यादव, वंदना तथा मंत्रालय कर्मचारी संघ के ओमप्रकाश, देवेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आज के बजट के बाद यह सिद्ध हो गया है कि वर्तमान सरकार राज्य कर्मियों के प्रति असंवेदनशील है।संघर्ष ही एक मात्र विकल्प है।' 'इसलिए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया है। पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री यजुवेंद्र तिवारी ने कहा कि कर्मचारी संयुक्त महासंघ केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी 2026 को केंद्रीय कर्मचारी संगठनों द्वारा आयोजित हड़ताल का पूर्ण समर्थन करता है।'

## सार-समाचार

### जगरबांध को सूखा करने की साजिश का आरोप

**हिंडौन ।** ग्राम पंचायत बजेडा में डेढ करोड रुपये की लागत से प्रस्तावित 11 एनीकटों के निर्माण को लेकर क्षेत्र में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन एनीकटों के निर्माण से चांदौर नदी के रास्ते जगरबांध तक पहुंचने वाला लगभग 60 प्रतिशत जल प्रवाह रुक जाएगा, जिससे जगरबांध के सूखने की आशंका बढ़ जाएगी। किसान संघर्ष समिति, जिला करौली के तत्वावधान में क्षेत्रीय लोगों ने एसडीएम हिंडौन हेमराज गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि पांच दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो उठा आंदोलन किया जाएगा। किसान संघर्ष समिति के जिला सचिव हेमराज जगरवाड (टोडूपुरा) ने विरोध प्रदर्शन को खुला समर्थन देते हुए कहा कि समिति पिछले 25 वर्षों से चंबल नदी का पानी लिफ्ट कर पांचनाबांध, आगिर्रीबांध और जगरबांध तक पहुंचाने के लिए आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न बांधों को पानी पहुंचाया जा रहा है, ऐसे में क्षेत्र के बांधों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईआरसीपी के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोठ और प्रदेश महामंत्री भारत सिंह डागुर ने भी एसडीएम को ज्ञापन देकर एनीकट निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। भारत सिंह डागुर ने कहा कि किसी भी सूरत में जगरबांध के प्राकृतिक जलस्त्रोत को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया तो क्षेत्रवासी संयुक्त रूप से आंदोलन करेंगे। एसडीएम हेमराज गुर्जर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र का अंदरूनी जल प्रवाह जगरबांध और चांदौर नदी से रिचार्ज होता है। ऐसे में एनीकट निर्माण से जलसंकट गहराने की आशंका है, जिसे लेकर क्षेत्र में व्यापक असंतोष व्याप्त है।

### चिकित्सा शिविर बना संजीवनी

**धौलपुर ।** आयुर्वेद विभाग द्वारा बिजौली में आयोजित निःशुल्क अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा एवं आरोग्य शिविर कई मरीजों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में धौलपुर निवासी सुधांशु सक्सैना को भी शिविर से उल्लेखनीय लाभ मिला और वे अब सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। सुधांशु सक्सैना पिछले कुछ समय से फ्रोजन शोल्डर (जमे हुए कंधे) की गंभीर समस्या से पीड़ित थे। कंधे में लगातार दर्द और जकड़न के कारण उनके लिए दैनिक कार्य जैसे कपड़े पहनना, हाथ ऊपर उठाना, सामान उठाना अथवा सामान्य गतिविधियां करना भी कठिन हो गया था। रात में दर्द बढ़ जाने से नींद भी प्रभावित हो रही थी। उन्होंने विभिन्न उपचार पद्धितयों का सहारा लिया, परंतु अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही थी। इसी दौरान उन्हें आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क शिविर की जानकारी मिली। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. त्रिलोक कुमार वर्मा द्वारा उनकी जांच कर समस्या का समुचित मूल्यांकन किया गया। चिकित्सक ने उन्हें एक्यूपंक्चर एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उपचार देने की सलाह दी। शिविर में नियमित सत्रों के तहत एक्यूपंक्चर थेरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धितयों तथा आवश्यक व्यायाम संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। इससे इनके कंधे के दर्द और जकड़न में उल्लेखनीय सुधार दिखाई देने लगा। हाथ की मूवमेंट पहले की तुलना में बेहतर हुई और दैनिक कार्य करने में आसानी होने लगी। सुधांशु सक्सैना ने बताया कि मैं लंबे समय से कंधे के दर्द से परेशान था। साधारण काम करना भी मुश्किल हो गया था। शिविर में मिले उपचार और चिकित्सकों के मार्गदर्शन से अब मुझे काफी राहत है। दर्द में कमी आई है और हाथ पहले से अधिक आसानी से उठने लगा है। मैं राज्य सरकार और आयुर्वेद विभाग का आभारी हूं, जिन्होंने निःशुल्क शिविर के माध्यम से मुझे नया आत्मविश्वास दिया। यह सफलता कहानी न केवल आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित की प्रभावशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि सरकारी स्तर पर आयोजित निःशुल्क शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

### अरावली संरक्षण यात्रा का वसुंधरा कॉलोनी में स्वागत

**गंगापुर सिटी ।** अरावली संरक्षण यात्रा का स्वागत किया गया। वसुंधरा कॉलोनी स्थित मीन भगवान मंदिर परिसर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण, वन अधिकार और जल-संसाधनों की रक्षा पर चर्चा हुई। राजस्थान किसान मजदूर नौजवान सभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष जवान सिंह ने यात्रा का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने बताया कि गुजरात से दिल्ली तक चलने वाली यह अरावली संरक्षण यात्रा ग्रामीण समाज, जंगल, जमीन और जल को बचाने का एक जनआंदोलन है। जवान सिंह ने आरोप लगाया कि अरावली क्षेत्र के कई जिलों में स्थानीय ग्रामीणों को विस्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों के प्राकृतिक संसाधनों को चुनिंदा पूंजीपतियों को सौंपने का प्रयास हो रहा है, जो आदिवासियों, किसानों और मजदूरों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर इन नीतियों का विरोध करने और ग्रामीण सभ्यता, संस्कृति व आजीविका की रक्षा करने का आह्वान किया। युवा संवाद के दौरान वक्ताओं ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण, वन अधिकारों की सुरक्षा, जल-संसाधनों की रक्षा और जबरन विस्थापन के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में यात्रा के प्रमुख कार्यकर्ता नीलम अल्हुवालिया, कैलाश मीणा, वीरेंद्र मोर सहित कई स्थानीय ग्रामीण, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अरावली के संरक्षण और विस्थापन के खिलाफ संयुक्त संघर्ष जारी रखने की शपथ ली।

### पशुओं के 100 फीसदी वैक्सीनेशन पर जोर

**गंगापुर सिटी।** आशान्वित ब्लॉक में श्संपूर्णता अभियान 2.0श के तहत पशुओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को पशुपालन विभाग ने बोवाइन पशुओं (गाय-भैंस) के टीकाकरण पर विशेष जोर दिया। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक चलेगा। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक योगेश शर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाना है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, दुग्ध उत्पादन में सुधार होता है और पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाव मिलता है। विभाग का लक्ष्य ब्लॉक के सभी बोवाइन पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत पशु चिकित्सा अधिकारियों, पशुधन प्रसार अधिकारियों, पशुधन निरीक्षकों और पशु परिचरों की टीमों ने गांव स्तर पर चौपालों, बैठकों और घर-घर संपर्क के माध्यम से पशुपालकों को जागरूक किया। उन्हें नियमित टीकाकरण के महत्व और पशुधन को सुरक्षित रखने के लाभों के बारे में बताया गया। पंचायत समिति गंगापुर सिटी की सभी ग्राम पंचायतों में श्आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रमश के तहत श्संपूर्णता अभियान 2.0श के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया गया। विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर ने बताया कि इस अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं की पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, करौली**

( वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास, वडौदा स्वरोजगार संस्थान के सामने, करौली )

क्रमांकः-3035 दिनांकः-12.02.2026

**ई-निविदा सूचना सं. 01/2025-26**

मिशन वाल्सल्य योजना अंतर्गत "चाइल्ड हेल्पलाईन सर्विस (1098) (27x7)" के संचालन के तहत् चाईल्ड हेल्प यूनिट (जिला स्तर-करौली) के संचालन हेतु 01 वर्ष के लिए जॉब बेसिस पर आवश्यकतानुसार मानव संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु ई-निविदा पंजीकृत संवेदको/बोलीदाता से आमंत्रित की जाती है।निविदा संबंधी विस्तृत सूचना वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

( पवन कुमार गुप्ता )
UBN No. CED2526SLRC00082 सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई एवं
बाल अधिकारिता विभाग, करौली